प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्याय को सरल और स्पष्ट बनाने के लिए नागरिकों की सामयिक जिम्मेवारी को बताया महत्वपूर्ण, न्यायिक प्रणाली में प्रौद्योगिकी और नवाचारों के उपयोग पर दिया बल।
2. राजनीतिक सरगर्मी के बीच चंपई सोरेन दिल्ली रवाना, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के बाद राजनीतिक रणनीति के खुलासे की संभावना।
3. पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने कांग्रेस नेताओं पर राज्य के विकास में सरकार को अपेक्षित सहयोग नहीं करने का लगाया आरोप।
4. झारखंड समेत देशभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों से श्री कृष्ण की शिक्षा को अपनाते हुए देश के विकास में योगदान देने का किया आग्रह। *और*
5. मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों तक मॉनसून की स्थिति मजबूत रहने का जताया अनुमान, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर और जामताड़ा में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि न्याय को अधिक से अधिक सरल और स्पष्ट बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को सुलभ न्याय प्रदान करने के लिए न्यायिक प्रणाली में प्रौद्योगिकी और नवाचारों का उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जटिल प्रक्रियाएं न्याय को कठिन बना देती हैं। प्रधानमंत्री जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि न्याय को सरल और स्पष्ट बनाने के लिए देश में कई ऐतिहासिक कदम उठाये गए हैं।

****

राजनीतिक सरगर्मी के बीच पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन आज एक बार फिर दिल्ली पहुंच रहे हैं। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि दोबारा उनके दिल्ली जाने से भाजपा में शामिल होने की चर्चा एक बार फिर तेज हो गयी है। मंत्री के करीबियों की मानें तो नई दिल्ली में वे आज भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और आगे की राजनीतिक रणनीति का खुलासा करेंगे।

****

पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने झारखंड सरकार में शामिल कांग्रेस नेताओं पर राज्य के विकास में राज्य सरकार को अपेक्षित सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेताओं को विकास में बराबरी का सहयोग करना चाहिए। इससे पहले श्री राय ने सिदगोड़ा टाउन हॉल में भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में विधानसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लिया।

****

राज्य में पल्स पोलियो अभियान जारी है। गोड्डा, दुमका, धनबाद और बोकारो समेत सभी जिलों में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आंगनबाड़ी की सेविका, सहायिका और सहिया आज से घर–घर जाकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिला रहे हैं। कल तक चलने वाले इस अभियान में शून्य से पांच वर्ष तक के 61 लाख बच्चों को दवा की खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

****

रोजगार के लिए तमिलनाडु गये दुमका और गोड्डा के 11 मजदूरों को बंधक बनाने का मामला सामने आया है। सभी मजदूर आदिवासी एवं पहाड़िया समुदाय से हैं। बंधक बने मजदूरों के परिजनों से पैसे की मांग की जा रही है। परिजनों ने आवेदन देकर जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री से उनकी सकुशल घर वापसी की गुहार लगायी है।

****

हजारीबाग जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 150 कारीगरों को मदद देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नेता शेफाली गुप्ता ने इस योजना के महत्व और इससे लाभार्थियों के जीवन में होने वाले सकारात्मक बदलावों पर चर्चा की।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से युवा क्लबों का गठन किया जा रहा है।

****

सरायकेला नगर पंचायत के 37 सफाई कर्मी और कुछ अनुबंधकर्मी सेवा नियमित करने समेत कुल छह मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। आज सुबह से ही सभी आंदोलनरत कर्मचारी नगर पंचायत कार्यालय के बाहर मुख्य गेट पर हड़ताल पर डटे हुए हैं। झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेड्रेशन के स्थानीय इकाई के अध्यक्ष दीपक मुखी ने बताया कि कई वर्षों से वे मानदेय के आधार पर कार्य कर रहे हैं इसलिए कर्मियों की सेवा नियमित की जाए।

****

झारखंड समेत देशभर में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम है। इस अवसर पर कई जगहों पर दही हांडी प्रतियोगिता और नृत्य नाटिका का मंचन किया जा रहा है। जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी रांची में दो दिवसीय कार्यक्रम किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को श्रीकृष्ण जनमाष्टमी की बधाई दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पर्व हमें भगवान श्रीकृष्ण के पवित्र आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने देशवासियों से भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को अपनाते हुए देश के विकास में योगदान देने का आग्रह किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी श्रीकष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी है।

****

झारखंड में मॉनसून अभी मजबूत स्थिति में है। मौसम विभाग ने आज बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर और जामताड़ा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं गोड्डा, पाकुड़, दुमका और साहेबगंज में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण कुछ जिलों में भारी बारिश और वज्रपात होने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने सितंबर के पहले सप्ताह से मौसम साफ होने के संकेत दिये हैं।

****